आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.07.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सीमाओं को सुरक्षित बनाने के साथ ही उन्हें बेहतर सम्पर्क–सुविधाओं से जोड़कर विकसित भारत की सुदृढ़ नीव तैयार करना है।
- पुरी मे भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ आरंभ हुई। लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र रथों को खींचा।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने उद्यमों से आवेदन आमंत्रित किए है। कोलकाता में IGGTF में भागीदारी के लिए अस्सी प्रतिशत से अधिक तक का अनुदान प्राप्त होगा।
- स्वतंत्रता दिवस आयोजन को लेकर द्वीप समूह प्रशासन ने राजीव गांधी वाटर स्पोट्स कॉम्प्लेक्स को आगामी पन्द्रह अगस्त तक बंद रखने का निर्णय लिया है।

<><><><><><>

राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार का प्रयास एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां सीमाएं न केवल सुरक्षित हों बल्कि अच्छी तरह से जुड़ी हुई भी हों। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा एक ही दिशा में आगे बढ़ें। नई दिल्ली में सीमा सड़क संगठन– तकनीकी संगोष्ठी में श्री सिंह ने कहा कि उन्नत अवसंरचना हमेशा से विकसित सभ्यता की पहचान रही है।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रोहतांग में अटल सुरंग, उमलिंग ला में विश्व की सबसे ऊँची वाहनों की सुरक्षित आवाजाही योग्य सड़क और लगभग 13 हजार फीट की ऊंचाई पर निर्मित सेला सुरंग जैसी ऐतिहासिक परियोजनाएं बीआरओ की क्षमताओं का जीवंत प्रमाण हैं।

<><><><><><>

ओडिशा के धार्मिक शहर पुरी में विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े ही भक्तिभाव के साथ आगे बढ़ रही है। पवित्र पहंडी बीजे और छेरा पहनरा अनुष्ठानों के संपन्न होने के बाद आज दोपहर भगवान जगन्नाथ,भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के तीन भव्य रथों को खींचने का काम विधिवत रूप से शुरू हुआ। शंखों की गूंज, वैदिक मंत्रों और जय जगन्नाथ के जयकारे के बीच, लाखों भक्त बड़ा दंड मार्ग से होते हुए श्री गुंडिचा मंदिर की ओर विशाल लकड़ी के रथों को खींचने में भाग ले रहे हैं। रुक–रुक कर हो रही बारिश के बावजूद, भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ है और उन्होंने इस भव्य मार्ग को आस्था और भक्ति के सागर में बदल दिया है। विश्व प्रसिद्ध इस महोत्सव का सुचारू और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

<><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच 27 जुलाई से 10 अगस्त तक श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा तथा न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन इस अवधि के दौरान श्री विजयपुरम में सर्किट अदालत की सुनवाई करेंगे। दोनों न्यायाधीश 27 जुलाई से 10 अगस्त तक श्री विजयपुरम में सर्किट अदालत में बैठेंगे और विभिन्न मामलों की सुनवाई करेंगे। इससे उच्च न्यायालय से जुड़े मामलों की सुनवाई स्थानीय स्तर पर होगी। द्वीपवासियों और वादकारियों को सुविधा मिलेगी तथा उन्हें अपने मामलों की सुनवाई के लिए कोलकाता नहीं जाना पड़ेगा।

<><><><><><>

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के विकास आयुक्त ने पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से कोलकाता के साइंस सिटी प्रदर्शनी मैदान, दक्षिण 24 परगना जिले में 4 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाले इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर में भागीदारी के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मेले में हस्तशिल्प एवं हथकरघा, वस्त्र एवं परिधान, गृह सज्जा, चमड़ा उत्पाद, क्रॉकरी, पैकेज्ड एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद, हर्बल एवं आयुर्वेदिक उत्पाद, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, लाइफस्टाइल उत्पाद तथा फर्नीचर एवं इंटीरियर उत्पादों का निर्माण करने वाली पात्र एमएसई इकाइयां भाग ले सकती हैं। प्रतिभागी इकाइयों को खरीद एवं विपणन सहायता योजना के तहत निर्मित स्टॉल किराये पर 80 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, पूर्वोत्तर क्षेत्र और आकांक्षी जिलों की इकाइयों को 100 प्रतिशत अनुदान

मिलेगा। इसके अलावा पात्र आकस्मिक व्यय पर अधिकतम 25 हजार रुपये का भुगतान, एक प्रतिनिधि के लिए इकोनॉमी श्रेणी का हवाई यात्रा व्यय तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की एमएसई इकाइयों को प्रति आयोजन अधिकतम 80 हजार रुपये या वास्तविक व्यय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है।

<><><><><><><>

इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस, अंडमान केंद्र द्वारा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पर्यावरण–अनुकूल एवं भूकंपरोधी आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के लिए तकनीकी शोध–पत्र आमंत्रित किए गए हैं। यह सेमिनार 29 अगस्त को डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज, श्री विजयपुरम में आयोजित किया जाएगा। आई बी सी ने अभियंताओं, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं तथा निर्माण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों से इस विषय पर तकनीकी शोध–पत्र आमंत्रित किए हैं। चयनित शोध–पत्रों को सेमिनार की कार्यवाही में प्रकाशित किया जाएगा तथा उनके लेखकों को सेमिनार में प्रत्यक्ष अथवा ऑनलाइन माध्यम से अपने शोध–पत्र प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। शोध–पत्र अधिकतम दो पृष्ठों का होना चाहिए तथा इसे वर्ड फ़ाइल के रूप में 31 जुलाई तक ई–मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह को ध्यान में रखते हुए श्री विजयपुरम स्थित राजीव गांधी वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 13 अगस्त से 15 अगस्त तक बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान परिसर में संचालित सभी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां पूरी तरह स्थगित रहेंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुचारु एवं सुरक्षित आयोजन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय ने केंद्र शासित प्रदेश योजना के तहत संचालित नई मोटरयुक्त, मशीनीकृत मत्स्य नौकाओं के निर्माण और खरीद पर अनुदान योजना के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अब 30 जुलाई तक बढ़ा दी है। नगर एवं जनजातीय मत्स्य क्षेत्रों में निवास करने वाले मछुआरों एवं जनजातीय समुदाय से वर्ष 2026–27 के लिए जून महीने में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस योजना के तहत सामान्य मछुआरों, बेरोजगार युवाओं, स्थानीय उद्यमियों तथा मत्स्य सहकारी समितियों को इकाई लागत का 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति, जनजातीय सहकारी समितियों को 75 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>